तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

12 बरडीह शाला में बच्चों को सिखाया दंड नहीं संवाद...



14 पोषण वाटिका निर्माण और पौधारोपण के माध्यम ...





## खबर संक्षेप



### विधायक मद से दशरमा में हो रहा रंगमंच का सौंदर्यीकरण

**रिसदा।** जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दशरमा में कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा ने अपने मद से रंग मंच में स्टील ग्रिल लगाने स्वीकृति प्रदान किया गया है। जिसका कार्य प्रारंभ शुक्रवार को ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर कार्य का आरम्भ किये उक्त कार्यक्रम में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जगमोहन घृतलहरे जनपद सदस्य, नेतराम साहू, पंच शिवदयाल यदु, रूपलाल साहू, राजकुमार सोनवानी सियाराम यदु, तेजकुमार, सियाराम यदु, कुशल मनहरे, बेन कुमार साहू शाहिद बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### 21 छात्राओं को किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण



**अर्जुनी।** भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दी के शासकीय हाईस्कूल में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी के 21 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद वर्मा, सरपंच भारती वर्मा ने कहां कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए यह योजना महत्वपूर्ण है। बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी साथ ही साथ पढ़ाई लिखाई की निरंतरता बनी रहेगी। वही निशुल्क साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**खरोरा** । थाना खरोरा पुलिस ने बुधवार को सारागांव बस स्टैंड के पास एक युवक को अवैध रूप से धारदार चाकू लहराते और लोगों को डराते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सूरज सेन (28 वर्ष), वार्ड 18, सारागांव निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। थाना खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूरज सेन नाम का युवक ग्राम सारागांव के बस स्टैंड क्षेत्र में अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर आम रास्ते में लोगों को धमका रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शेष पेज 12 पर



# फसल पुनरावृत्ति, डिजिटल सर्वे सहित अन्य मांगों पर हुई सकारात्मक चर्चा

## राजस्व मंत्री से मिले पटवारी संघ के प्रतिनिधियों ने जताया आभार व रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पटवारियों को 1100 रुपये मासिक संसाधन भत्ता देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मुलाकात का नेतृत्व रायपुर संभाग अध्यक्ष भावेश वर्मा ने किया, जिसमें बलौदाबाजार जिले के जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान मंत्री को गिरदावरी कार्य में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, रिकॉर्ड रूम ड्यूटी, स्वामित्व योजना, और न्यायालयीन कार्यों जैसी जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक खसरे में जाकर फसल एंट्री करनी पड़ रही है, जबकि 90–95% खसरों में फसल की पुनरावृत्ति होती है। ऐसे में सिस्टम में फसल पुनरावृत्ति का विकल्प जोड़ने की मांग भी रखी गई। मंत्री टंकराम वर्मा ने पटवारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सभी बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की और निर्देशित किया कि जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से व निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए।

### भत्ता से बढ़ेगा कार्य में उत्साह

मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा प्रदेश के सभी पटवारियों को जनता के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समय सीमा में क्रियान्वित करने हेतु निर्देश दिए गया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य मुलाकात के दौरान रायपुर संभाग अध्यक्ष भावेश वर्मा जिलाध्यक्ष रसपाल सिंह सेन जिला उपाध्यक्ष विजय डहरिया बलौदाबाजार तहसील अध्यक्ष टीकाराम यादव एवं साथी पटवारीगण उपस्थित थे।



### सुविधाओं की मांग जरूरी

गिरदावरी प्रविष्टि करते समय प्रत्येक खसरे में जाकर फसल एंट्री की जा रही है जिसके कारण समय अधिक लग रहा है एवं उसके साथ-साथ एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल क्रॉप सर्वे रिकॉर्ड रूम ड्यूटी स्वामित्व योजना न्यायालयीन कार्य एवं अन्य विभागीय कार्य किए जा रहे हैं जिसके कारण फसल एंट्री में अधिक समय लग रहा है। जिस पर पटवारी आईडी में फसल पुनरावृत्ति का ऑप्शन दिलाने एवं पटवारियों की मांगों एवं मैदानी क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा को अवगत कराया गया और ज्ञापित सभी बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई है।

## कार्रवाई : करोड़ों के अनाधिकृत लेनदेन में लिप्त, एक हफ्ते में खाते में हुआ भारी ट्रांजेक्शन

# म्यूल अकाउंट से जुड़ी ऑनलाइन ठगी का भंडाफोड़, अकाउंट ऑपरेटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर अपराध के खिलाफ अभियान में जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने एक ऐसे म्यूल अकाउंट ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है, जिसके खाते से एक सप्ताह में करोड़ों रुपये का संदेहास्पद लेनदेन हुआ है। आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल पर साइबर ठगों को कमीशन पर खाता उपलब्ध कराने का आरोप है, जिससे ऑनलाइन वित्तीय ठगी को अंजाम दिया जा रहा था।

- 61 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों में आया नाम, आरोपी जयपुर में भी रहा संलिप्त

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी निवासी लक्ष्मी नारायण पटेल के आईडीबीआई बैंक खाते में दिनांक 24 जून से 1 जुलाई 2025 के बीच करोड़ों रुपये का संदिग्ध लेनदेन दर्ज हुआ। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि आरोपी ने यह खाता साइबर गिरोह को कमीशन के लिए दिया था, जो म्यूल अकाउंट के तौर पर उपयोग में लाया जा रहा था।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग और कमीशन आधारित खाता संचालन का लालच देकर शामिल किया गया था।



### जयपुर जाकर की साइबर ठगी में मदद

आरोपी ने बताया कि वह जयपुर जाकर साइबर ठगों के एक फ्लैट में रुका था, जहां से ऑनलाइन ठगी का संचालन किया जा रहा था। उसे कमीशन के तौर पर 20,000 भी प्राप्त हुए थे। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(4), 318(4), 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### साइबर अपराध से बचने की अपील

पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी के कहने पर भी अपना बैंक खाता, आधार या मोबाइल नंबर साझा न करें। ऑनलाइन कार्यों में शामिल होने से पहले पूरी जानकारी प्राप्त करें। संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या निकटतम थाने में दें। इस तरह की सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले ग्राम पौसरी निवासी 19 वर्षीय शुभम वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से युवती के संपर्क में आया, फिर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग भी करने लगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता एक मोबाइल व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ी हुई थी। उसी ग्रुप में मौजूद आरोपी शुभम वर्मा ने उसका नंबर लेकर कॉल करना शुरू किया और धीरे-धीरे विश्वास में लेकर शादी का झांसा दिया। इसी बहाने से आरोपी ने युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब युवती ने आरोपी से मिलने से इनकार किया, तो वह उसे डराने और धमकाने लगा। आरोपी ने युवती की तस्वीरें और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे रुपये भी ऐंठने की कोशिश की, जिससे युवती मानसिक रूप से काफी भयभीत हो गई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 743/2025 धारा 64(1), 69, 308(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आरोपी शुभम वर्मा को तत्काल हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी को दिनांक 19.09.2025 को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की गई है।

## जनपद सदस्य के घर के सामने कचरे का अंबार



**संडी बंगला** । पलारी विकासखंड के ग्राम संडी बंगला इन दिनों कचरे और गंदगी की मार झेल रहा है। गांव की सड़कों और गलियों में खुलेआम कचरा फेंका जा रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर सबसे ज्यादा कचरे का ढेर जमा हुआ है, वह स्थान सीधे तौर पर जनपद सदस्य के घर के सामने है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।

- गांव में पसरा बीमारी फैलने का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी से निकलने वाली दुर्गंध और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और ज्यादा गंभीर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सरपंच और जनपद सदस्य को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अवगत कराया गया, लेकिन न तो कोई सुनवाई हुई और न ही कोई कार्रवाई किया गया वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही सक्रिय दिखाई देते हैं।

**स्वास्थ्य संकट गहराने का खतरा:** आम दिनों में जनता की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। जब कचरा जनपद सदस्य के घर के सामने होने के बावजूद साफ नहीं कराया जा रहा, तो आम लोगों की समस्याओं पर क्या शेष पेज 12 पर

## सहकारी बैंक में वामन राव लाखे की प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सहकारी बैंक परिसर में 17 सितंबर को सहकारिता आंदोलन के जनक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कोसमंदी केसला के मालगुजार पंडित वामन राव लाखे की प्रतिमा का अनावरण राज्य के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम नागरिक समिति कोसमंदी एवं पंडित वामन राव लाखे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री वर्मा ने वामन राव लाखे के त्याग, समर्पण और योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कृषकों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कर सहकारी बैंकों से जोड़ा और कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारी। उन्होंने फाउंडेशन और नागरिक समिति के कार्यों की सराहना करते हुए वामन राव लाखे प्रवेश द्वार, सीसी रोड एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 15 शेष पेज 12 पर

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे ने शनिवार को बीईओ बलौदाबाजार राजेंद्र टंडन के साथ स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान कुछ स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं लिपिक अनुपस्थित रहे तथा जो शिक्षक उपस्थित थे वे भी कर्तव्य पर लापरवाही बरतते मिले। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य व लिपिक सहित 12 शिक्षकों को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।इसमें 2 प्राचार्य,7 व्याख्याता एवं 3 लिपिक शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सबसे शेष पेज 12 पर

- दो प्राचार्य, सात व्याख्याता और तीन लिपिकों को थमाया गया नोटिस



### अनुशासनात्मक कार्रवाई को दी चेतावनी

इसके बाद शासकीय हाईस्कूल सुढ़ेला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य संतरू सिंह पैकरा बिना पूर्व सूचना के विगत 6 दिनों से अनुपस्थित पाये गये तथा इस माह में केवल 3 दिन शाला आने का प्रमाण मिला जबकि 2 दिन अवकाश तथा 6 दिन अन्य काम का बहाना कर शाला से गायब रहे। इसके साथ ही विगत दो दिन से सहायक ग्रेड 2 रजनी शर्मा एवं सहायक ग्रेड 3 दुर्गा देवी ध्रुव अनुपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला सुढ़ेला में मध्यान्ह भोजन कक्ष, भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया तथा रसोइयों को स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के निर्देश दिये गये। लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाएगा।

## स्कूटी चोरी कर बेचने की फिराक में थे आरोपी. पुलिस ने किया गिरफ्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

थाना खरोरा पुलिस ने दो युवकों को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी सीजी 04 क्यूए 0649 बरामद की गई, जो 17 सितंबर की रात ग्राम सारागांव से चोरी की गई थी। दोनों युवक स्कूटी को बेचने की फिराक में बंगोली क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहे थे। प्रार्थी शशि कुमार देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने घर के सामने पुत्र के नाम पंजीकृत एक्टिवा स्कूटी को खड़ा कर अंदर गया था। कुछ ही देर बाद शेष पेज 12 पर



### पकड़े गए आरोपी, कोर्ट में किया गया पेश

पुलिस ने दोनों आरोपियों से वाहन संबंधी दस्तावेज पेश करने का नोटिस भी दिया, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। अपराध में दो आरोपियों के शामिल होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 3(5) जोड़ी गई। अपराध प्रमाणित होने पर दोनों रवि धीवर (19), शिवा वर्मा (19) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर अदालत में पेश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी खरोरा की अगुवाई में टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़कर संपत्ति अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की।

## त्वरित रिस्पॉन्स व वाहन नियमों दी जानकारी

# 40 आरक्षकों ने लिया वाहन चालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में यह एक दिवसीय प्रशिक्षण सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी से आए कुल 40 आरक्षकों ने भाग लिया। जिले के पुलिस बल को वाहन चालन में दक्ष बनाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, शुक्रवार को पुलिस कैंप लाहोद में चारपहिया वाहन चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थितियों में पुलिस का घटनास्थल पर त्वरित पहुंचना आवश्यक होता है, और यदि थाने में ड्राइवर अनुपस्थित हो, तो स्टाफ को स्वयं वाहन संचालन में सक्षम होना चाहिए। इसलिए सभी पुलिसकर्मियों को चारपहिया वाहन संचालन में दक्ष होना समय की मांग है। प्रशिक्षण के दौरान एमटीओ धनेश्वर साहू ने वाहन चलाने के नियम, संकेतकों का सही उपयोग और सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। आरक्षकों को बारी-बारी से वाहन चलाकर व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उन्हें प्रभावी वाहन नियंत्रण व आपातकालीन ड्राइविंग के लिए तैयार किया जा सके।





### वाहन नियमों की जानकारी और जिम्मेदारी का बोध

वाहन चालन प्रशिक्षण में विभिन्न थाना/चौकी के कुल 40 की संख्या में आरक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान एमटीओ धनेश्वर साहू द्वारा आरक्षकों को चारपहिया वाहन चलाने हेतु समस्त नियमों, संकेतकों का प्रभावी इस्तेमाल आदि के संबंध जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पुलिस आरक्षकों द्वारा बारी-बारी से प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दी गई अहर्ताओं को पूरी करते हुए चार पहिया वाहनों को चलाते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

# विद्यार्थियों को वन संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता का दिया गया संदेश

## कोठारी वन परिक्षेत्र के लाटादादर सर्किल में जल-जंगल यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र कोठारी के लाटादादर सर्किल में शुक्रवार को जल-जंगल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू एवं प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल दीक्षा पाण्डेय द्वारा सम्पन्न कराया गया।

सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाडादाह तथा प्राथमिक शाला मुड़पार के विद्यार्थियों को वनों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को विभिन्न पेड़-पौधों की प्रजातियों की पहचान,






### वृक्षारोपण एवं संवाद कार्यक्रम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोसमसरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ी में वृक्षारोपण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू एवं प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी आस्था यादव के नेतृत्व में किया गया।

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल संकट एवं प्लास्टिक प्रदूषण जैसी चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण की अहमियत पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

इन दोनों ही स्थलों पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और वन प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, पंचगण.शिक्षक एवं. विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रशिक्षण 25 को

**महासमुंद।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रशिक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर 23 सितम्बर 2025 को टेबल टॉप एक्सरसाईज तथा 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाईज का काल्पनिक अभ्यास कार्यक्रम ग्राम अछोला समोदा बैराज एवं जिला अस्पताल महासमुंद में किया जाएगा। उक्त आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद जिला के लिए इंसिडेंट कमांडर होंगे। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग के लिए एवं सभी तहसीलदार तहसील के लए इंसिडेंट कमांडर होंगे। 25 सितम्बर को मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में बाढ़ के समय किए जाने वालो कार्यां का अभ्यास किया जाएगा।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता 25 को

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र के अवसर पर संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में 25 सितंबर गुरुवार को डींजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रीतम चौधरी, विशेषअतिथि दुबेलाल साहू किसान मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष, नितिन जैन कोमाखान, रविंद्र राज सिंह ठाकुर, डा अरुण शुक्ला होंगे।

### नवागांव में स्वच्छता के लिए लिया शपथ

**महासमुंद।** शापूमाशा नवागांव में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह ूर्वक भाग लिया। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने कहा कि व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों एवं शिक्षकों ने स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। स्वच्छता शपथ शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा दिलाई गई। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और इसे अपने आदतों में शामिल करने की सलाह दी। संस्था की शिक्षिका किरण दीवान द्वारा बच्चों को भोजन अवकाश के पूर्व हाथ धुलाई के नियम के बारे में बताया। इस अवसर पर शिक्षक अमर साहू, बीहेंद्र कुमार साहू ने भी स्वच्छता के संबंध में अपना विचार रखें।

## मिट्टी की सेहत पर विशेष फोकस, अर्जुनी में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# वैज्ञानिक तरीके से खेती लाभप्रद लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी स्थित मितान राईस मिल परिसर में 19 सितंबर को अंबुजा फाउंडेशन रवान के सहयोग से मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों ने किसानों को मिट्टी की जांच, जैविक खाद और वैज्ञानिक तकनीकों से खेती के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में करीब 160 किसान (महिला एवं पुरुष) शामिल हुए।

■ रासायनिक खाद का सीमित प्रयोग और जैविक विकल्पों को अपनाने पर दिया गया बल

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृषि विभाग के उपसंचालक दीपक कुमार नायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भूमि, जल और वायु फसल की मूल आवश्यकताएं हैं, लेकिन लगातार रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता और उसमें मौजूद कार्बन की मात्रा तेजी से घट रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे हर फसल चक्र से पहले मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं और उसी के अनुरूप खाद का उपयोग करें।

**डीएपी का संतुलित उपयोग जरूरी:** कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा से आई स्वाति ठाकुर ने जानकारी दी कि जिले की मिट्टी में पोटाश पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन फास्फोरस की कमी आमतौर पर पाई जाती है। अतः डीएपी का संतुलित उपयोग जरूरी है। उन्होंने कीटनाशकों के चयन में सावधानी बरतने और सिर्फ विश्वसनीय कंपनियों की दवाएं उपयोग करने की सलाह दी। इस जागरूकता कार्यक्रम में एमकेपीसीएल से बलराम यदु, थानुराम ध्रुव, नारायण साहू, रंजीत सोनी, अंबुजा फाउंडेशन से तजेंदर सर, विष्णु विश्वकर्मा और उन्नत टीम, ग्राम पंचायत अर्जुनी की सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, पंचायत प्रतिनिधि व कई किसान क्लबों के सदस्य, पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने बताया कि खेती के लिए कुल 19 पोषक तत्व आवश्यक होते हैं, जिनमें एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश) मुख्य हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को बताया गया कि जैविक खाद, बीज उपचार, सीड ड्रिल, लाइन विधि, रोटावेटर, समय पर बुवाई और खरपतवार नियंत्रण से उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है और लागत को भी घटाया जा सकता है।

## बरडीह शाला में बच्चों को सिखाया दंड नहीं संवाद है जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा


शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जागरूकता सत्र में बच्चों को शारीरिक दंड और उसके प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को समझाया कि शारीरिक या मौखिक दंड उनके मानसिक विकास में गंभीर बाधा बन सकता है।

शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि अनुशासन बनाए रखने के लिए बच्चों को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और विकास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को ऐसा वातावरण देना चाहिए जहां बच्चे भयमुक्त होकर सीख सकें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का मारपीट, ताना मारना, डराना या धमकाना शारीरिक दंड की श्रेणी में आता है और यह बच्चों को आक्रामक बना सकता है।

### बच्चों के अनुशासन के लिए वैकल्पिक उपायों की सलाह

शारीरिक दंड से उत्पन्न मानसिक दबाव बच्चों में हिंसक प्रवृत्तियों को जन्म दे सकता है। शिक्षक ने उदाहरण देते हुए कहा कि मूल कारणों को समझकर, परिवार और दोस्तों से संवाद करके तथा काउंसिलिंग सेवाओं की मदद से बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षक हेमकुमारी साहू, भेष कुमार महिलांग एवं मीनाक्षी सिरमौर भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोगी वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

## कसडोल नगर साहू संघ का चुनाव सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में काफी दिनों से सुर्खियां रही नगर साहू संघ का चुनाव शनिवार को स्थानिय कर्मा माता साहू भवन में चुनाव सम्पन्न हुआ। जहाँ नगर अध्यक्ष के लिए गुनिराम साहू ने 30 वोटों से चुनाव जीता। वही निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरिकांत राजू साहू को 22 वोट मिला। वही महिला उपाध्यक्ष के लिए भगवती साहू ने कुल 65 वोट से विजय प्राप्त किया। इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी टीकम बाई साहू को कुल 17 वोट से पराजित हुई। वही पुरुष उपाध्यक्ष के लिए नीरज साहू को कुल 37 वोट से जीते। इनके प्रतिद्वंद्वी रहें श्यामाचरण साहू को कुल 15 वोट मिला। वही संग़ठन सचिव में पुष्पेंद्र साहू ने कुल 44 वोटों से चुनाव जीता। इनके प्रतिद्वंद्वी रहें दिनेश साहू को कुल 37 वोट से पराजित हुये। इसके अलावा निर्विरोध महिला संगठन सचिव रमला साहू विजवी हुई। इधर जीत के बाद शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित किया है।

## गांजा परिवहन, आरोपियों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** गांजा के अवैध परिवहन के मामलों में जिले के अलग-अलग थानों में कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक बंसुला में आरोपी सागर वर्मा पिता गजाधर वर्मा (23 साल) जलसो थाना कोनी जिला बिलासपुर तथा एक विधि से संघर्षरत बालक के संयुक्त कब्जे के एक लाल रंग की मोटर सायकल बिना नंबर 9.750 किलोग्राम गांजा कीमत 1,00,000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इधर सिटी कोतवाली पुलिस ने नयापारा रेलवे फाटक महासमुंद पहुंच कर आरोपी जगबंधु साहू पिता त्रिलोचन साहू (39 वर्ष)निवासी ग्राम कांटाबांझी वार्ड क्र 01 धोबी पारा जिला बलांगीर (ओडिशा) के कब्जे से कब्जे 3 किग्रा गंजा कीमत 30,000 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तारी की गई।

कोतवाली ने सार्वजनिक स्थल पर गांजा पी रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने वार्ड नं 16 शीतला पारा तालाब पार महासमुंद पहुंच कर आरोपी दिलीप राजपूत के कब्जे से तीन कागज का पुड़िया में मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ कुल 15ग्राम और बिना इस्तेमाली चोंगा बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की।

इसी तरह महासमुंद पुलिस ने ग्राम बेलसोंडा मिडिल स्कूल के पीछे नीम पेड़ के नीचे पहुंच आरोपी रोहित सेन पिता स्व. संतू सेन (35 साल) निवासी वार्ड नं. 7 बेलसोण्डा के कब्जे से 900 ग्राम गांजा कीमत 9,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख)(II)(अ) के तहत कार्रवाई की गई।

सरायपाली पुलिस ने आरोपी मोहसिन खान उम्र 33 वर्ष ताजनगर झिलमिला के कब्जे से उसके मकान में रखा गांजा कुल वजन 362 ग्राम रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने दर्राभांठा मोड़ सारंगढ़ रोड से आरोपी महादेव भोई के कब्जे से 152 ग्राम गांजा कीमत 3000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा - 20 (ख) (2)ए नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गांजा जब्ती के तीसरे मामले में सरायपाली पुलिस ने घंटेश्वरी मंदिर सरायपाली के पास आरोपी दशरथ निर्मलकर पिता शोभन निर्मलकर (29 वर्ष) रोहिना के कब्जे से 1.052 किलोग्राम गांजा, कीमत 20000 रुपए को जब्त कर धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

इसी तरह कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास आरोपी धरनी विभार पिता भेंडी विभार (48 साल) निवासी मालीझर पोस्ट रिग्दुल थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा के कब्जे से 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,20,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने शराब जब्ती के मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बागबाहरा-तेंदूकोना मुख्य मार्ग, शराब भट्ठी जाने का मोड, सिलापडेरा, बागबाहरा के पास स्कूटी वाहन क्र. सीजी 06 एचबी 8826 में सवार आरोपी सतीश ठाकुर पिता भुवन लाल ठाकुर (20 साल) लालपुर, वार्ड नं0 07, बागबाहरा तथा गोपाल राउत पिता हलधर राउत, (67 साल) वार्ड नं0 09, कर्रापारा, बागबाहरा के संयुक्त कब्जे से 85 पौवा देशी प्लेन शराब, कीमत करीबन 6800 रु. और स्कूटी को जब्त किया है। बागबाहरा ने एक अन्य मामले में ग्राम मुनगासेर में आरोपी बिरझुराम धीवर पिता मंशाराम धीवर (71 वर्ष) निवासी मुनगासेर के कब्जे से 30 नग रोमियो देशी प्लेन शराब पौवा कीमत 2400 रु. एवं 4 पौवा गोल्डन गोवा सुर्पियर व्हिस्की कीमत 480 रूपये कुल कीमत 2880 रु. को जब्त किया है इधर बसना पुलिस ने ग्राम तोषगांव से ग्राम गढफुलझर जाने का मार्ग तालाब के सामने मेन रोड से आरोपी तेजराम रत्नाकर पिता दुष्टीराम रत्नाकर (40 साल) के कब्जे से कुल 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रु. रु.को जब्त किया है, वहीं भंवरपुर चौकी पुलिस ग्राम हरदा नवागांव मेन रोड के पास आरोपी नंदकुमार यादव पिता चैतराम यादव (30 वर्ष) हरदा के कब्जे से कुल 07 लीटर शराब कीमत 1400 रु. जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। इधर सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी इरफान खान पिता युसूफ खान (21 साल) निवासी वार्ड नं 03 स्टेशन पारा बेलसोंडा के कब्जे से 40 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 4000 रु. एवं नगदी बिक्री रकम 250 रु. पाये जाने से आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की।

## पेज 11 के शेष

### जिला शिक्षा अधिकारी...

पहले विकासखण्ड बलौदाबाजार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटियापाटी पहुंचे। यहां सुबह 9 बजे तक केवल 4 व्याख्याता उपस्थित थे तथा 3 व्याख्याता व 1 सहायक ग्रेड 2 अनुपस्थित मिले जिनमे व्याख्याता एलबी शकुंतला ध्रुव, रवि कुमार साहु, गजेन्द्र प्रसाद ध्रुव और सहायक ग्रेड 2 मनीषा विश्वास शामिल है। इन शिक्षकों को जारी हुआ नोटिस

निरीक्षण के दौरान समय सारणी अनुसार दूसरा कालखंड चल रहा था किन्तु छात्र-छात्राएं बाहर घुम रहे थे और सभी शिक्षक कार्यालय में बैठे पाये गये। इस पर प्राचार्य हेमराम ध्रुव, व्याख्याता एलबी भुनेश्वर प्रसाद पटेल, छत्रपाल सिंह वर्मा, दामिनी बेहरा, विजय लक्ष्मी पटेल को नोटिस जारी किया व्यक्ति है।

### सहकारी बैंक में

लाख रुपये की घोषणा की। सभा को पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण संघ सुरेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष विलास लाखे ने किया। इस अवसर पर लाखे परिवार, ग्रामवासी, सहकारी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्कूटी चोरी कर....

वह स्कूटी चोरी हो चुकी थी। मामला दर्ज कर पुलिस ने जब मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की तो ग्राम बंगोली में दो युवक संदिग्ध अवस्था में स्कूटी बेचने के प्रयास में मिले। पकड़े जाने पर दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार की और स्कूटी को अपने संयुक्त कब्जे से बरामद कराया।

### जनपद सदस्य के...

ध्यान दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि तुरंत सफाई अभियान चलाकर गांव को गंदगी से निजात दिलाई जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए आगे आने की नसीहत दी है।

### धारदार चाकू के ...

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। आरोपी से पूछताछ में वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके बाद चाकू को गवाहों के समक्ष जप्त कर लिया गया। थाना प्रभारी की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई में आरोपी सूरज सेन को विधिवत गिरफ्तार कर उसके परिजनों को सूचना दी गई। बाद में उसे माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई।

## रजत जयंती समारोह-2025: स्वछता पखवाड़ा पर सफाई का कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# नपाध्यक्ष व सीएमओ के साथ पार्षदों ने किया श्रमदान व दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार




रजत जयन्ति समारोह - 2025 जीरो वेस्ट कार्यक्रम के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा नगरपालिका के द्वारा स्थानीय रामसागर तालाब जाने वाले मार्ग , सिंधी धर्मशाला के पीछे वार्ड 12 सहित आस पास सघन रूप से स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित कर श्रमदान करते हुए सफाई का कार्य किया गया, व स्वछता सम्बन्धी शपथ भी दिलाई गई। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा स्वछता अभियान के दौरान स्वयं से सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया गया व लोगों को सफाई के प्रति जागरूक होना आवश्यक बताया गया, तब ही नगर को साफ एवम स्वच्छ रखा जा सकता है, साथ ही घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरा को एकत्रित करके रखें,व नुक्कड़ अथवा बाहर कहीं भी न फेकें, और न ही जलाया जाये कचरा गाड़ी जब आये तो उसमें देना सुनिश्चित करें।

**लोगों को जागरूक करने चलाया गया स्वच्छता अभियान:** इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा भी श्रमदान करते हुए शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुरूप स्वछता पखवाड़ा में लोगों को जागरूक किये जाने सफाई अभियान चलाया जा रहा है, व विभिन्न गतिविधियों से लोगो मे जागरूक फैलाई जा रही है, व स्वछता मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद आवश्यक है, इस दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगरपालिका के द्वारा स्वछता कार्यक्रम में आवश्यक उपकरण व साधन संसाधन उपलब्ध कराया गया, जिससे दूषित कचरों की अच्छे से सफाई की जा सके।

### इन्होंने किया श्रमदान

स्वछता ही सेवा रजत जयंती समारोह स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम में सभापति पार्षद जितेंद्र डड़सेना,श्रीमती रेखा पोषण पटेल,सुरेश घृतलहरे, सहित पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला,पोषण पटेल, रविन्द्र नामदेव, व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों सहित मनिकन्चन की स्वछता दीदियों व सफाई कर्मचारी के द्वारा श्रमदान करते हुए सफाई का कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप



### दो युवाओं ने बाईक से की चारधाम यात्रा पूरी

बलौदाबाजार। नगर के दो युवाओं ने अपने साहस और हिम्मत से एक नई मिसाल पेश की है। लौदाबाजार के सोनपुरी स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर नगर के शालीन साहू और हरि पटेल ने उत्तराखंड के चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा बाईक से पूरी की। यात्रियों ने 2 सितंबर को बलौदाबाजार से प्रस्थान किया। छत्तीसगढ़ के मुंगेली, पंडरिया, मध्यप्रदेश के शहडोल, कटनी, उत्तर प्रदेश के कई शहरों से होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश और सोनप्रयाग पहुंचे। वहां से लगभग 22 किलोमीटर पैदल चलकर केदारनाथ धाम के दर्शन किए। शेष धामों की यात्रा उन्होंने बाईक से पूरी की। लगभग 16 दिनों में कुल 4400 किलोमीटर की इस यात्रा में दोनों युवाओं ने प्रतिदिन लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय की।

### दर्रीपाली में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत चिरको के आश्रित ग्राम दर्रीपाली में किया गया। धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी सेवा अभियान 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच खेमराज भट्ट द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, सचिव चिन्तामणि साहू, एएनएम पूनम साहू, आं.बा.कार्यकर्ता गोमती ध्रुव, पंच दुलेश्वर ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, धनीराम ध्रुव, संतोषी ध्रुव, अहिल्या ध्रुव, ग्राम प्रमुख़ प्रहलाद ध्रुव, जोइधा साहू, सुकलल ध्रुव, खोमन ध्रुव, मितानिन शारदा ध्रुव, रोजगार सहायक धनश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

### पथर्री में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम पथर्री में 17 सितंबर को धरती आबा अंतर्गत आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच मोरध्वज दीवान, जनप्रतिनिधि डायमंड कोसरे, पंच राजेंद्र कवर, मनोहर दीवान, (एसएचजी) धानबाई चौहान, सुशीला दीवान, (आरएचओ) निर्मला कोसरे, सचिव डुगेश्वर प्रसाद साहू, रोजगार सहायक जागेश्वर साहू, युवा कार्यकर्ता मुकेश दीवान, हेमलाल साहू, नवीन साहू, बिहारी लाल यादव, विवेकानंद दीवान, सहित ग्रामवासि उपस्थित थे।

### आम सभा में किसानों का किया गया सम्मान

**नर्रा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2024-25 के आय व्यय की जानकारी किसानों के समक्ष पठन कर प्रस्तुत किया। आम सभा में मुख्य रूप से प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, लता कुम्हार जनपद सदस्य एवं किसान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम छग महतारी की छायाचित्र पर माल्य अर्पण व पूजन अर्चन कर किया। इस आम सभा में उत्कृष्ट कृषकों को समिति द्वारा श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मान किया। इसके आलावा आम सभा में उपस्थित किसानों ने समिति प्रबंधक राजेश पटेल, वरिष्ट कर्मचारी तेजलाल साहू समेत सभी कर्मचारियों का गुलाल से टीका लगाकर श्रीफल गमच्छा भेंटकर सम्मान कर उत्कृष्ट कर्मचारी का दर्जा दिया गया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रिसदा में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा एवं नुवोको सीमेंट संयंत्र के सयुंक्त तत्वाधान में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में मितानिन,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाओ, ग्राम की महिलाओं, किशोरी बालिकाओं का स्वाथ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जिसमें नेत्र दोष से पीड़ित महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। साथ ही उनकी सिकलिंग एवं हीमोग्लोबिन इत्यादि की जांच भी की गई।

## महिलाओं एवं किशोरियों का किया गया नेत्र परीक्षण, पीड़ितों को बांटे निःशुल्क चश्मा




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी,बीएमओ डॉ नवदीप बांधे, डीपीएम सृष्टि मिश्रा,डॉ अविनाश केसरवानी, नुवोको सीमेंट संयंत्र के यूनिट हेड रविश, सीएसआर हेड चंद्रशेखर उपाध्याय सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

इस दौरान ज्ञानवर्धन के लिए माहवारी स्वच्छता, एनीमिया, मानसिक रोग, नशा इत्यादि से दूरी जैसे विषयों पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

ग्राम की उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों एवं वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इसके साथ ही माहवारी स्वच्छता जागरूकता हेतु टोकन स्वरूप सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण करते हुए ग्राम में जागरूकता हेतु रैली निकाली गई।सभी को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शपथ दिलाई गई ताकि की शासन की मंशानुरूप एक स्वस्थ नारी एक सशक्त परिवार और समाज को गढ़ सके।

## शिविर : ग्रामीणों के लिए निःशुल्क एक्यूप्रेशर व प्राकृतिक चिकित्सा

# हिरमी में लगा प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी इकाई के सीएसआर विभाग द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शिव आरोग्य प्राकृतिक चिकित्सा सेवा संस्थान, रायसिंहनगर (जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान) के अनुभवी चिकित्सकों ने ग्रामीणों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, मधुमेह, रक्तचाप जैसी बीमारियों के लिए प्राकृतिक चिकित्सा के लाभकारी उपाय बताए गए। विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दवाइयों पर निर्भरता कम करने तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग, प्राणायाम एवं संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी। अल्ट्राटेक हिरमी संयंत्र प्रमुख सुभाष चन्द्र बसेर ने कहा कि यह प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसका असर तुरंत महसूस किया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संयंत्र प्रबंधन भविष्य में भी ग्रामीणों को संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे ही शिविरों का आयोजन करता रहेगा।



### इन्होंने की भागीदारी

इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधन की ओर से मनोज यादव (मानव संसाधन प्रमुख), रणजीत सिंह नैनवाल, डॉ. शैलेन्द्र यादव (चिकित्सा प्रमुख), वैभव त्रिपाठी (सीएसआर प्रमुख), आशुतोष खरे (सहायक सीएसआर) सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही डॉ. मोहनलाल वर्मा (सभापति जिला पंचायत), उमा अनंत (जनपद सदस्य), तारणदास अनंत (सरपंच), गायत्री वर्मा (उपसरपंच कुथरौद), पुनउ राम भारती (सरपंच), हेमंत यादव (पंच हिरमी), वेदप्रकाश वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि), दुलेश धीवर (सकलोर) एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी बताया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत हथबंद में हुआ स्वच्छता, पोषण और आयुर्वेदिक जागरूकता कार्यक्रम



**हथबंद।** भारतीय जनता पार्टी नवापारा हथबंद मंडल द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता अभियान पर विशेष जोर देते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता और सेवा के महत्व को समझाया कार्यक्रम के दौरान हथबंद स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में घूम-घूमकर वहाँ उपलब्ध औषधियों और उपचार पद्धतियों की जानकारी ली गई। औषधालय में जड़ी-बूटियों और आयुर्वेदिक दवाइयों की व्यवस्था की सराहना की गई इसी क्रम में पोषण अभियान कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें औषधालय के कर्मचारियों ने उपस्थित जनों को आयुर्वेदिक पद्धतियों की जानकारी दी तथा सभी को आयुर्वेदिक चाय पिलाई। स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए विशेष चर्चा भी की गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सरपंच ढालेश्वरी अनंत, मंडल महामंत्री प्रेमलता वर्मा, मंत्री लिली वर्मा, उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, धनेश्वरी निषाद, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संजय वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी धनीराम रजक, जनपद प्रतिनिधि जीवन साहू, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, शाला समिति उपाध्यक्ष जीतू यादव, संतराम ध्रुव, सहित समस्त आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना भी है।



# सुहेला में धूमधाम से की गई विश्वकर्मा पूजा

**सुहेला।** इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। सुबह से ही पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। गांव के ऑटो पार्ट्स, हार्डवेयर, कंप्यूटर दुकानों सहित कई प्रतिष्ठानों में विश्वकर्मा जी की प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना की गई और पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने पूजा में भाग लिया और प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या समय गांव के त्रिगड्डा चौक के पास विश्वकर्मा जी की विशेष पूजा के बाद बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इस शोभायात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन ग्राम के बड़े तालाब में प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। इस अवसर पर गांव के सभी वर्गों में गहरी श्रद्धा और उल्लास देखने को मिला।



# त्योहारों से पहले शहर के सुचारु संचालन को लेकर नगर पालिका की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आगामी दुर्गा उत्सव और दशहरा पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद भाटापारा में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस प्रशासन, तहसीलदार, व्यापार मंडल, पार्षदगण एवं दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य शहर में यातायात की सुगमता, सुरक्षा के प्रबंध और स्वच्छता को सुदृढ़ बनाना रहा।

- यातायात सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर रखी गई रूपरेखा
- व्यापारियों समितियों और प्रशासन के समन्वय से लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में कई व्यवहारिक और असरदार सुझाव सामने आए। मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने, बाजार में वाहनों के प्रवेश को समयबद्ध तरीके से नियंत्रित करने और खाली प्लॉटों को पार्किंग के रूप में विकसित करने जैसे कदमों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, त्यौहारों के दौरान शराब की अवैध बिक्री पर रोक, संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों की निगरानी, और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को मजबूत बनाने पर भी विचार किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य शहरवासियों और श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है। सभी विभागों और नागरिकों के सहयोग से यह संभव है।

### यातायात और अतिक्रमण पर विशेष जोर

बैठक में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई सुझाव सामने आए। मुख्य बाजारों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। दुकानदारों से अपने सामने बने अवैध चबूतरे और ठेलों को हटाने के लिए जनजागरण अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। स्कूल समय में भारी वाहनों की नो एंट्री, पटपर बायपास रोड पर लागू करने की मांग उठी। बाजार की दुकानों के लिए सुव्यवस्थित मार्किंग प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

### सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर व्यापक योजना

शहर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन गंभीर दिखाई दिया। संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाए जाने की योजना बनाई गई। डिजे और धुमाल के संचालन पर समय-सीमा तय करने हेतु समितियों से विचार-विमर्श का प्रस्ताव रखा गया। अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी। व्यापारियों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में सहयोग की अपील की गई, ताकि त्योहारों के दौरान शहर स्वच्छ बना रहे।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00,6:00,9:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 6:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पोषण वाटिका निर्माण और पौधारोपण के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा

## हिरमी में आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया गया राष्ट्रीय सुपोषण माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

सिमगा ब्लाक के हिरमी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरमी के स्वास्थ्य केंद्र के पास आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण आहार माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच पुनऊ राम भारती, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमंत यादव, मुकेश सिन्हा अतिथि रहे।

सरकार की योजना के तहत उक्त अभियान के अंतर्गत गरम भोजन, रेडी टू ईट का वितरण कर छोटे बच्चों को कुपोषित होने से बचाना है। पोषण वाटिका विकसित करने और पौधारोपण करने की बात राष्ट्रीय पोषण माह 2021 में मुख्य रूप से सितंबर माह को चार सप्ताह में विभक्त कर अलग-अलग गतिविधियां संचालित करने का आदेश जारी किया गया है। प्रथम सप्ताह में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों ग्राम पंचायतों व अन्य उपलब्ध सामुदायिक स्थानों पर पोषण वाटिका विकसित करने और पौधारोपण करने की बात कही गई है।



### पोषण जागरूकता अभियान हुआ

इस दौरान जानकारी देते हुए बताया कि सरकार प्रति वर्ष सितंबर माह में एक से 16 दिसम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्देश जारी किया गया। क्योंकि गांव में रहने वाले बच्चे कुपोषण के शिकार होते है, जिसके चलते बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास सही ढंग से नहीं हो पाता है।

### ये रहे उपस्थित

सेक्टर सुपरवाइजर सरिता वर्मा, कुभरोद कार्यकर्ता राजेश्वरी वर्मा, रूपा जामलवान, दुर्गा जायसवाल, भटभेरा, भारती साहू, परसवानी भी विकादित वर्मा, राधा वर्मा, सकलोर, कसहीडीह, सुशील, ओरी बन्दी सादा पार्षद उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन सोनवानी ने बताया कि 15 सितंबर की रात करीबन 11 बजे उसने अपने घर की छत से देखा कि जूना तालाब के सरकारी शौचालय के पास कुछ लोग गाली गलौज कर रहे हैं। वहां जाकर देखा तो पता चला किदिनेश, भूषण, सुभाष ,दीपक और अन्य लोग नशे में थे एवं गाली गलौच कर रहे थे। जिन्हें उसने मना किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। जब वह पारा की ओर से घूमकर अपने घर वापस जा रहा था तभी से पीछे से मोटर सायकल में दिनेश, भूषण, सुभाष, दीपक आये और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष बने कोमल

**महासमुंद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरकोनी में पदस्थ फार्मासिस्ट कोमल साहू को उनकी कर्मचारियों के हित के लिए निरंतर कार्यों को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे महासमुंद जिले के सभी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। संजय कुमार चंद्राकर नेत्र सहायक अधिकारी, धनीराम पटेल , हेमंत ठाकुर, हेमलता मिस्त्री , तापस मिस्त्री सहायक ग्रेड तीन एवं अन्य स्टाफ द्वारा उनका सम्मान किया गया।

## निधन

### महेश कंडरा



**बंगोली** । ग्राम बंगोली निवासी महेश कंडरा (67) का आकस्मिक निधन 20 सितंबर को हो गया। जिसका मिट्टी कार्यक्रम श्मशान घाट मे किया गया। अंतिम यात्रा मे स्वजातीय सहित अन्य लोग शामिल रहे। वे लटयारिन बाई कंडरा के पति तथा राकेश, बेगु कंडरा के पिता थे। सीमा, त्रेता, एश्वर्या, भावना, पलक, अनन्या व खुशाल कंडरा के दादा थे।

### तीजूराम साहू



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** । ग्राम पुरान निवासी तीजूराम साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे राममनोज के पिता तथा गीताराम और भागीरथी के भाई थे।

## शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को बताया महादान

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लगा रक्तदान शिविर, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे "सेवा पखवाड़ा" अभियान के तहत भाटापारा विधानसभा ग्रामीण मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रक्तदान शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उनके साथ जनपद पंचायत के सीईओ हिमांशु वर्मा ने भी स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरणा दी। शिविर के दौरान शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को "मानवता का सबसे बड़ा दान" बताते हुए आमजन से अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, सेवा-भावना और योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्हें "सेवा और समर्पण की प्रेरणा" बताया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अजय राव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, सेवक साहू, दिनेश वर्मा, प्रदीप अनंत, पीलू वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, जीवन वर्मा, पवन वर्मा, कमलेश साहू, अजय साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मोदी के जीवन मूल्यों को समर्पित सेवा पखवाड़ा

शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मोदी का जीवन देश के हर युवा के लिए एक मिसाल है। स्वच्छ भारत अभियान, गरीब कल्याण योजनाएं, और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की उनकी नीति आज हर भारतीय को प्रेरित करती है। सेवा पखवाड़ा का यह आयोजन उन्हीं मूल्यों को समाज में उतारने का प्रयास है।

### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में हुई स्वच्छाग्रहियों की जांच



बलौदाबाजार । कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सभी पंचायतों में आज सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें स्वच्छाग्रहियों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। इसके साथ ही श्रम कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों द्वारा अटल चबूतरा की सफाई, धार्मिक स्थानों की सफाई,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों की सफाई किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें जिले के सभी गांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 को लोगों के व्यवहार में लाने के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि लोग स्वच्छता को अपनाएं और अपने आस -पास को साफ रखें।

# पचरी में लगा स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में आईआईएससीसीएम के सौजन्य से कृष्णा हॉस्पिटल खरोरा द्वारा जागरूकता एवं चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न लाभदायक जानकारियां प्रदान की गईं। कृष्णा हॉस्पिटल खरोरा के संचालक डॉक्टर सूर्यकांत साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न डेमो के माध्यम से सीपीआर आदि की जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को चक्कर आने के कारण एवं उपाय विस्तार से समझाए। छात्रों ने उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान उन्हें मिला। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने इस प्रकार के शिविर को छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ अशोक कोसले, आराधना बहुगुणा, भूमिसुता चौधरी, शारेका खान, रविकांत पांडे, संतोष धीवर , जनक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छड़िया के प्रधान पाठक एवं संकुल मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कृष्णा हॉस्पिटल खरोरा के संचालक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

महासमुंद। ट्रक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा भानपुर निवासी अजय ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई है कि सुबह वह अपने दुकान में था, तभी उसे सूचना मिली उसके पड़ोसी शिवलाल मिर्धा का विश्वा ढाबा के पास एक्सीडेंड हो गया। सूचना मिलने के बाद जब उसने विश्वा ढाबा के पास जाकर देखा तो उसका पडोसी शिवलाल मिर्धा घायल अवस्था में पड़ा हुआ था, वहीं कुछ दूर में बल्कर ट्रक खड़ी थी। उसी समय डायल 112 वाहन आयी और घायल शिवलाल मिर्धा को इलाज के लिए बागबाहरा अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टर द्वारा शिवलाल मिर्धा की मौत हो जाना बताया गया। इसके बाद उसने ढाबा के पास जाकर लोगों से पूछताछ किया। तब लोगों ने बताया कि बल्कर ट्रक क्र. सीजी 07 सीएल 8455 खरियार रोड की तरफ से आ रहा था, जिसके चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर रोड क्रास कर रहे शिवलाल मिर्धा को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसको गंभीर चोटें आई।

# मंडी धान खरीदी श्रमिक संघ का हुआ निर्विरोध निर्वाचन



**भाटापारा।** भाटापारा मंडी धान खरीदी पोहा मुरमुरा श्रमिक संघ का निवार्चन 20 सितंबर को हुआ इस संघ में कुल 186 सदस्य हैं जिनमें आपसी विचार विमर्श व सहमति के आधार पर निर्विरोध रूप से सूरज निर्मलकर को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष बनने के उपरांत निर्मलकर के द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष मनहरण द्विवेदी, सचिव गोविंदा देवदास, संतोष वैष्णव, कोषाध्यक्ष प्रकाश दास मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी मोहितसाहू, गजानंद साहू, संरक्षक राजेन्द्र हेवार, रमेश चंद्राकार, शिव साहू, अशोक तिवारी, मोहन साहू, सलाहकार दीपक मंधान, हरिश थदवानी, राहुल गंगवानी, सदस्य गण बिट्टू यादव, राधे वैष्णव, रामेश्वर वर्मा, लोचन रजक, राहुल शर्मा, अमन मिश्रा, गोल्डी यदु, लोकेश रजक, टिकेश्वर निर्मलकर, केवल चौहान, गोलू तिवारी, गोलू साहू, मयंक ध्रुव, विकास अग्रवाल व समस्त सदस्यगण सूरज निर्मलकर के अध्यक्ष बनने पर समस्त व्यापारी व मंडी कृतयकारीगण ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई हो शुभकामनाएं दी हैं।

# सुरक्षित शनिवार में शारीरिक दंड पर चर्चा, समाधान पर जोर

खरोरा । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने स्कूलों में शारीरिक दंड की परिभाषा बताते हुए कहा कि यह एक अनुचित व्यवहार है, जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि शारीरिक दंड के कारण बच्चों में भय, आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई से अरुचि और सामाजिक दूरी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सुरक्षित शनिवार की प्रभारी शिक्षिका भारती तांती ने शारीरिक दंड के विकल्पों और समाधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक अनुशासन, संवाद, प्रोत्साहन और परामर्श बच्चों के लिए बेहतर मार्गदर्शन का साधन हैं। उन्होंने इस विषय पर जागरूकता फैलाने और विद्यालय में सुरक्षित वातावरण निर्मित करने की अपील की। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे और मानसी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नकुल राम वर्मा तथा ग्राम के सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# एफएमडी से बचाव के लिए सुहेला क्षेत्र में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सुहेला क्षेत्र में पशुपालन विभाग ने खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसे संक्रामक और घातक रोग से बचाव के लिए व्यापक टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य जुगाली करने वाले पशुओं — गाय, भैंस, बकरी और भेड़—को इस बीमारी से सुरक्षित करना है, जो मुँह और खुरों में घाव पैदा कर पशुओं को गंभीर रूप से प्रभावित करती है और दूध उत्पादन में भारी गिरावट लाती है।एफएमडी यानी फुट एंड माउथ डिज़ीज़ से बचाव के लिए उपयोग में लाया जाने वाला यह टीका एक निष्क्रिय टीका है, जो पशु के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।

- 023 गांवों में होगा कवरेज, डोर-टू-डोर अभियान में अब तक 580 पशुओं को लगाया गया टीका



### 45 दिन का विशेष अभियानः 23 गाँव होंगे कवर

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी हिमांशु वर्मा ने जानकारी दी कि यह टीकाकरण अभियान केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा है और यह 15 सितंबर से 30 अक्टूबर तक, कुल 45 दिनों तक चलेगा। सुहेला और नवापारा क्षेत्र मिलाकर लगभग 23 गांवों को इस अभियान के तहत कवर किया जाएगा। अब तक 4 गाँवों में टीकाकरण पूरा हो चुका है। विशेष रूप से सुहेला में शनिवार को 580 डोज लगाए गए, जिनमें गौठान में रखे गए लावारिस पशु भी शामिल हैं। टीकाकरण कार्य लगातार जारी है।

### डोर-टू-डोर टीकाकरण, ग्रामीणों में जागरूकता

स्थानीय प्रशासन और पशु चिकित्सकों की टीम गाँव-गाँव जाकर पशुपालकों को न सिर्फ टीकाकरण के लाभ समझा रही है, बल्कि घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण भी कर रही है। प्रशासन की ओर से सरपंचों को पूर्व सूचना दी जाती है, जिसके बाद कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जाती है। गाँव के पशुपालकों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हमें इस अभियान से बहुत फायदा हो रहा है, हमारे पशु अब स्वस्थ हैं।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### नवागांव में 51 देवियों की प्रतिमा होगी स्थापित

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थुहा) की मनोकामना नवदुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नया बाजार चौक में इस वर्ष क्वांर नवरात्रि में 51 देवियों की प्रतिमा स्थापित की जायेगी।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में

जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डिप्लोमा इन फार्मेसी मे 20 सितम्बर शनिवार को नैशनल फार्माकोविजिलेन्स सप्ताहिक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें फार्मेसी के विद्यार्थीगण ने जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका मुख्य विषय मानसिक रोग का उपचार जिसमें छात्रों ने मानसिक रोग से बचने के लिए सकरात्मक बदलाव, सामाजिक जुडाव, रचनात्मक कार्य, जन सहभागिता के माध्यम से समझाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक भाटापारा के फवारा चैंक कांग्रेस भवन के सामने प्रस्तुत किया गया।

जिसमें महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला संस्था की प्राचार्या गायत्री देवागंन और कार्यरत सभी सहा. प्राध्यापकों व कार्यालय स्टॉफ ने अपना सहभागिता प्रस्तुत किया।

स्वामी जी-93406-38884

ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411